This Question Paper consists of 51 questions and 19 printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में 51 प्रश्न तथा 19 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No. / अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

**Code No. 69/MAY/4**
**कोड नं०**

**Set / सेट B**

# BUSINESS STUDIES
# व्यावसायिक अध्ययन
# (319)

Day and Date of Examination (परीक्षा का दिन व दिनांक) ..........................................

Signature of Invigilators (निरीक्षकों के हस्ताक्षर)
1. ..........................................
2. ..........................................

***General Instructions :***

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. 69/MAY/4, Set B on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odia, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.
   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.
6. In case of any doubt or confusion in the question paper, the **English** version will prevail.

*सामान्य अनुदेश* :

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।

4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 69/MAY/4, सेट B लिखें।

5. (क) प्रश्न-पत्र केवल अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

6. प्रश्न-पत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में **अंग्रेजी** अनुवाद ही मान्य होगा।

# BUSINESS STUDIES

# व्यावसायिक अध्ययन

# (319)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* : (i) This Question Paper consists of 51 questions in all.

(ii) *All* questions are compulsory.

(iii) Marks are given against each question.

(iv) **Section–A** consists of Question Nos. **1** to **20**—Multiple Choice-type Questions (MCQs) carrying *1* mark each. Select and write the most appropriate option out of the four options given in each question.

(v) **Section–B** consists of Question Nos. **21** to **35**—Objective-type Questions carrying *2* marks each (with 2 sub-parts of *1* mark each). Attempt these questions as per the instructions given for each of the questions.

(vi) **Section–C** consists of

(a) Question Nos. **36** to **41**—Very Short Answer-type Questions carrying *2* marks each to be answered in the range of *30* to *50* words.

(b) Question Nos. **42** to **47**—Short Answer-type Questions carrying *3* marks each to be answered in the range of *50* to *80* words.

(c) Question Nos. **48** to **51**—Long Answer-type Questions carrying *5* marks each to be answered in the range of *80* to *120* words.

An internal choices has been provided in some of these questions. You have to attempt only one of the given choices in such questions.

**निर्देश** : (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 51 प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iv) **खण्ड–अ** में प्रश्न संख्या **1** से **20** तक बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न *1* अंक का है। प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें और लिखें।

(v) **खण्ड–ब** में प्रश्न संख्या **21** से **35** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न *2* अंक का है (*1* अंक के 2 उप-भागों के साथ)। प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए निर्देशों के अनुसार इन प्रश्नों के उत्तर दें।

(vi) **खण्ड–स** में शामिल हैं

(a) प्रश्न संख्या **36** से **41**, *2* अंक के अति-लघूत्तरीय प्रश्न हैं, जिनके उत्तर *30* से *50* शब्दों में देने हैं।

(b) प्रश्न संख्या **42** से **47**, *3* अंक के लघूत्तरीय प्रश्न हैं, जिनके उत्तर *50* से *80* शब्दों में देने हैं।

(c) प्रश्न संख्या **48** से **51**, *5* अंक के दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनके उत्तर *80* से *120* शब्दों में देने हैं।

इनमें से कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है। आपको ऐसे प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से केवल एक का ही उत्तर देना है।

(1) Answers of all questions are to be given in the Answer-Book given to you.
सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) 15 minutes time has been allotted to read this Question Paper. The Question Paper will be distributed at 2:15 p.m. From 2:15 p.m. to 2:30 p.m., the students will read the Question Paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## SECTION–A

### खण्ड–अ

*Note* : Question Numbers **1** to **20** are MCQs of *1* mark each.

**निर्देश** : प्रश्न संख्या **1** से **20** बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न *1* अंक का है।

**1.** 'India selling spices to the USA' is an example of

(A) import trade (B) retail trade

(C) export trade (D) internal trade 1

'भारत द्वारा अमेरिका को मसालों का विक्रय' _____ का उदाहरण है।

(A) आयात व्यापार (B) फुटकर व्यापार

(C) निर्यात व्यापार (D) आंतरिक व्यापार

**2.** Directing is also known as

(A) decision-making process (B) leadership function

(C) execution function (D) organizing function 1

निर्देशन को _____ के नाम से भी जाना जाता है।

(A) निर्णय लेने की प्रक्रिया (B) नेतृत्व कार्य

(C) क्रियान्वयन कार्य (D) संगठन कार्य

**3.** The market where already issued securities are traded is called

(A) primary market (B) secondary market

(C) money market (D) capital market 1

वह बाजार जहाँ पूर्व में निर्गमित प्रतिभूतियों का व्यापार किया जाता है, कहलाता है

(A) प्राथमिक बाजार (B) द्वितीयक बाजार

(C) मुद्रा बाजार (D) पूँजी बाजार

**4.** Which of the following best describes a private company? 1

(A) Can issue shares to the public

(B) Must have at least 7 members

(C) Restricts transfer of shares

(D) Requires a minimum capital of ₹ 1 crore

निम्न में से कौन-सा एक निजी कम्पनी का सर्वश्रेष्ठ वर्णन है?

(A) जनता को अंशों का निर्गमन कर सकती है

(B) न्यूनतम 7 सदस्य होने चाहिए

(C) अंशों के हस्तांतरण पर प्रतिबंध

(D) न्यूनतम एक करोड़ रु० की पूँजी की आवश्यकता होती है

**5.** Entrepot trade refers to

(A) importing goods for local consumption

(B) exporting goods to another country

(C) importing goods and then re-exporting them without using them

(D) trading within the same country 1

पुनर्निर्यात व्यापार से तात्पर्य है

(A) स्थानीय उपयोग के लिए वस्तुओं का आयात

(B) अन्य देश को वस्तुओं का निर्यात

(C) वस्तुओं का आयात तथा उसके पश्चात् उनका उपयोग किए बिना पुनःनिर्यात

(D) एक ही देश के भीतर व्यापार

**6.** Which factor is included in the economic environment? 1

(A) Tax policies (B) Cultural values

(C) Demographic changes (D) Social trends

आर्थिक पर्यावरण में कौन-सा कारक सम्मिलित होता है?

(A) कर नीति (B) सांस्कृतिक मूल्य

(C) जनसांख्यिकी परिवर्तन (D) सामाजिक ट्रेंड

**7.** The full form of B2C in E-commerce is

(A) Business-to-Consumer (B) Business-to-Company

(C) Buyer-to-Company (D) Buyer-to-Consumer 1

ई-कॉमर्स में B2C का पूर्ण विस्तार है

(A) बिजनेस-टू-कंज्यूमर (B) बिजनेस-टू-कम्पनी

(C) बायर-टू-कम्पनी (D) बायर-टू-कंज्यूमर

**8.** A self-employed person's income depends on

(A) company policies

(B) government salary structure

(C) performance and market demand

(D) fixed salary schedule 1

स्वरोजगार व्यक्ति की आय निर्भर करती है

(A) कम्पनी नीति पर

(B) सरकारी वेतन ढाँचा पर

(C) निष्पादन तथा बाज़ार माँग पर

(D) स्थायी वेतन सूची पर

**9.** The main purpose of performance appraisal is to

(A) fire employees

(B) evaluate employee's performance

(C) reduce workload

(D) increase competition among employees 1

निष्पादन मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य है

(A) कर्मचारियों को नौकरी से हटाना

(B) कर्मचारियों के निष्पादन का मूल्यांकन

(C) काम का भार कम करना

(D) कर्मचारियों के मध्य प्रतियोगिता बढ़ाना

**10.** Which source of finance does ***not*** require repayment? 1

(A) Loans (B) Equity shares

(C) Debentures (D) Bonds

वित्त के कौन-से स्रोत को वापसी की आवश्यकता **नहीं** होती?

(A) ऋण (B) समता अंश

(C) ऋणपत्र (D) बॉन्ड

**11.** Which form of advertising allows direct interaction with the audience? 1

(A) Television (B) Radio

(C) Internet advertising (D) Newspaper

विज्ञापन का कौन-सा प्रकार श्रोताओं के साथ सीधे वार्तालाप की अनुमति देता है?

(A) टेलीविजन (B) रेडियो

(C) इंटरनेट विज्ञापन (D) समाचार-पत्र

**12.** Which of the following is an advantage of a company form of business? 1

(A) Limited liability (B) Lack of continuity

(C) Unlimited liability (D) Less legal formalities

निम्न में से कौन-सा कम्पनी प्रकार के व्यवसाय का एक लाभ है?

(A) सीमित दायित्व (B) निरन्तरता की कमी

(C) असीमित दायित्व (D) न्यून कानूनी औपचारिकताएँ

**13.** Which of the following is ***not*** a type of internal trade? 1

(A) Wholesale trade (B) Retail trade

(C) Import trade (D) Local trade

निम्न में से कौन-सा आंतरिक व्यापार का एक प्रकार **नहीं** है?

(A) थोक व्यापार (B) फुटकर व्यापार

(C) आयात व्यापार (D) स्थानीय व्यापार

**14.** The first step in the controlling process is

(A) taking corrective actions

(B) setting performance standards

(C) comparing actual performance

(D) identifying deviations 1

नियन्त्रण प्रक्रिया का प्रथम चरण है

(A) सुधारात्मक कार्यवाही करना

(B) निष्पादन मानदण्ड निर्धारित करना

(C) वास्तविक निष्पादन की तुलना करना

(D) विचलनों की पहचान करना

**15.** Debentures are a type of

(A) equity financing
(B) debt financing
(C) short-term financing
(D) government subsidy 1

ऋणपत्र एक प्रकार के _____ होते हैं।

(A) समता वित्तीयन
(B) ऋण वित्तीयन
(C) लघुकालीन वित्तीयन
(D) सरकारी अनुदान

**16.** Which of the following government schemes supports self-employment in India? 1

(A) Pradhan Mantri Awas Yojana
(B) MUDRA Loan Scheme
(C) Mid-day Meal Scheme
(D) Sarva Shiksha Abhiyan

भारत में निम्न में से कौन-सी सरकारी योजना स्व-रोजगार का समर्थन करती है?

(A) प्रधानमन्त्री आवास योजना
(B) मुद्रा ऋण योजना
(C) मिड-डे मिल योजना
(D) सर्व शिक्षा अभियान

**17.** Which of the following is an example of the economic environment? 1

(A) Cultural values
(B) Inflation rates
(C) Changes in technology
(D) Government stability

निम्न में से कौन-सा आर्थिक पर्यावरण का एक उदाहरण है?

(A) नैतिक मूल्य (B) मुद्रास्फीति दर

(C) तकनीकी में परिवर्तन (D) सरकार की स्थिरता

**18.** The regulatory body for the stock market in India is

(A) RBI (B) IRDAI

(C) SEBI (D) TRAI 1

भारत में शेयर बाज़ार की नियामक संस्था है

(A) आर०बी०आइ० (B) आइ०आर०डी०ए०आइ०

(C) एस०ई०बी०आइ० (D) टी०आर०ए०आइ०

**19.** The payment method in which customers pay when goods are delivered is called

(A) prepaid payment (B) cash on delivery (CoD)

(C) net banking (D) credit card payment 1

भुगतान की वह विधि जिसमें ग्राहक माल के वितरण पर भुगतान करते हैं, कहलाती है

(A) पूर्वदत्त भुगतान (B) कैश ऑन डिलिवरी (सी०ओ०डी०)

(C) नेट बैंकिंग (D) क्रेडिट कार्ड भुगतान

**20.** Which of the following is a component of financial planning? 1

(A) Determining capital requirements (B) Making business policies

(C) Managing human resources (D) Selling goods to customers

निम्न में से कौन-सा वित्तीय नियोजन का एक घटक है?

(A) पूँजी आवश्यकताओं का निर्धारण करना (B) व्यावसायिक नीतियाँ बनाना

(C) मानव संसाधनों का प्रबंधन (D) ग्राहकों को सामान बेचना

## SECTION–B

### खण्ड–ब

*Note* : Answer Question Numbers **21** to **35** given below.

**निर्देश** : नीचे दी गई प्रश्न संख्या **21** से **35** के उत्तर दीजिए।

**21.** State the elements of directing. 2

निर्देशन के तत्त्वों का उल्लेख कीजिए।

**22.** Name any *two* avenues for self-employment. 2

स्व-रोजगार के किन्हीं **दो** पथों के नाम दीजिए।

**23.** Fill in the blanks : 2

*(a)* _____ refers to buying goods from the manufacturers or wholesalers and selling the same to the final consumers.

*(b)* _____ refers to buying of goods in large quantities from producers or manufacturers for sale to other traders.

रिक्त स्थान भरिए :

(क) _____ का तात्पर्य है उपभोक्ताओं से या थोक विक्रेताओं से वस्तुओं का क्रय करके उनको अन्तिम उपभोक्ता को बेचना।

(ख) _____ का तात्पर्य है अधिक मात्रा में उत्पादकों या निर्माताओं से वस्तुओं को खरीदना तथा उन्हें अन्य व्यापारियों को बेचना।

**24.** *(a)* What is financial leverage?

*(b)* How is it calculated? 2

(क) वित्तीय उत्तोलक क्या है?

(ख) इसकी गणना कैसे की जाती है?

**25.** Identify the following with respect to manpower planning : 2

*(a)* A statement of duties and responsibilities and tasks involved for each job is summarized here

*(b)* A statement specifying the qualifications, skills and abilities required for performing the job

मानवशक्ति नियोजन के परिप्रेक्ष्य में निम्न की पहचान कीजिए :

(क) यहाँ पर कर्तव्यों तथा उत्तरदायित्वों और प्रत्येक पद के कार्यों के एक कथन को सारांश के रूप में दिया जाता है

(ख) वह कथन जो कार्य निष्पादन के लिए आवश्यक योग्यताओं, कौशलों तथा क्षमताओं को निर्दिष्ट करता है

**26.** State whether the following statements are True or False : 2

*(a)* The business environment is static in nature.

*(b)* The changes in business environment are unpredictable.

उल्लेख कीजिए कि निम्न कथन सत्य हैं अथवा असत्य :

(क) व्यावसायिक पर्यावरण की प्रकृति स्थिर होती है।

(ख) व्यावसायिक पर्यावरण में परिवर्तनों का पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता है।

**27.** Name any *two* E-commerce business. 2

किन्हीं **दो** ई-कॉमर्स व्यवसाय के नाम दीजिए।

**28.** Mention any *two* qualities required for self-employment. 2

स्व-रोजगार के लिए आवश्यक कोई **दो** गुण बताइए।

**29.** Name the following with reference to a joint-stock company : 2

*(a)* The official signature of a joint-stock company

*(b)* The elected representatives of the members who manage the day-to-day affairs of the joint-stock company

एक संयुक्त पूँजी कम्पनी के संदर्भ में निम्न का नाम दीजिए :

(क) एक संयुक्त पूँजी कम्पनी का आधिकारिक हस्ताक्षर

(ख) सदस्यों द्वारा चयन किए गए प्रतिनिधि जो संयुक्त पूँजी कम्पनी के दैनिक कार्यों का प्रबंध करते हैं

**30.** Identify the following financial decisions : 2

*(a)* Decision relating to long-term investment in fixed assets

*(b)* Decision relating to short-term investment in current assets

निम्न वित्तीय निर्णयों की पहचान कीजिए :

(क) स्थायी परिसम्पत्तियों में दीर्घकालीन निवेश का निर्णय

(ख) चालू परिसम्पत्तियों में लघुकालीन निवेश का निर्णय

**31.** Alliance Ltd. is engaged in manufacturing plastic buckets. The objective of the company is to manufacture 100 buckets a day. To achieve this, the efforts of all departments are coordinated and interlinked and authority-responsibility relationship is established among various job positions. There is clarity on who is to report to whom.

Name the function of management discussed above. Give its importance. 2

अलायंस लिमिटेड प्लास्टिक की बाल्टी बनाने का काम करती है। कम्पनी का प्रतिदिन 100 बाल्टी बनाने का उद्देश्य है। इसकी प्राप्ति के लिए, सभी विभागों के प्रयासों को समन्वित तथा अन्तराबंध किया जाता है तथा विभिन्न कार्य-स्थानों के मध्य अधिकार-उत्तरदायित्व संबंध स्थापित किए जाते हैं। यह स्पष्ट होता है कि किसे, किसको रिपोर्ट करना है।

ऊपर चर्चित प्रबंध के कार्य का नाम दीजिए। इसका महत्त्व भी दीजिए।

**32.** Give *two* examples of advertising medium. 2

विज्ञापन माध्यमों के **दो** उदाहरण दीजिए।

**33.** Give one-word for the following : 2

*(a)* The component of marketing mix that relates to channels of distribution

*(b)* The component of marketing mix which persuades and influences the consumers

निम्नलिखित के लिए एक शब्द में उत्तर दीजिए :

(क) विपणन मिश्र का वह घटक जिसका संबंध वितरण माध्यमों से है

(ख) विपणन मिश्र का वह घटक जो ग्राहकों को मनाने तथा प्रभावित करने से संबंधित है

**34.** Differentiate Debt from Equity. 2

ऋण का समता से अन्तर कीजिए।

**35.** State any *two* functions of financial markets. 2

वित्तीय बाज़ार के किन्हीं **दो** कार्यों का उल्लेख कीजिए।

## SECTION–C

## खण्ड–स

*Note* : Answer Question Numbers **36** to **51** given below. Internal choices have been given wherever necessary.

**निर्देश** : नीचे दी गई प्रश्न संख्या **36** से **51** के उत्तर दीजिए। आवश्यकतानुसार आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

**36.** State any *two* objectives of 'Make in India' initiative of the Government of India. 2

भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के किन्हीं **दो** उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

***Or / अथवा***

State any *two* benefits of 'Digital India'.

'डिजिटल इंडिया' के किन्हीं **दो** लाभों का उल्लेख कीजिए।

**37.** Give the full forms of the following : 2

*(a)* ECB

*(b)* FCCB

निम्न का पूर्ण विस्तार कीजिए :

(क) ई०सी०बी०

(ख) एफ०सी०सी०बी०

***Or / अथवा***

Give the full forms of the following :

*(a)* SFI

*(b)* GDR

निम्न का पूर्ण विस्तार कीजिए :

(क) एस०एफ०आइ०

(ख) जी०डी०आर०

**38.** Name the sales promotion tools being referred here : 2

*(a)* A comb free with a bottle of hair oil

*(b)* A sachet of a new brand of shampoo attached to a magazine for use by its readers

यहाँ संदर्भित विक्रय संवर्धन विधियों के नाम बताइए :

(क) बालों के तेल की बोतल के साथ एक कंघी मुफ्त

(ख) पत्रिका को पढ़ने वालों के उपयोग के लिए इसके साथ जोड़े गए शैंपू के एक नए ब्रांड की एक पुड़िया

**39.** State any *two* features of internal trade. 2

आंतरिक व्यापार की किन्हीं **दो** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**40.** What is Public-Private Partnership form of organization? State its any *one* feature. 2

'सार्वजनिक-निजी साझेदारी' प्रकार का संगठन क्या है? इसकी किसी **एक** विशेषता का उल्लेख कीजिए।

***Or / अथवा***

What is one-person company (OPC)? State its any *one* feature.

एकल व्यक्ति कम्पनी क्या है? इसकी किसी **एक** विशेषता का उल्लेख कीजिए।

**41.** Lalit has joined a manufacturing firm as a worker. He has recently started working on the shop floor. The management is quite liberal and has allowed the workers to form a hockey club. The workers assemble and play hockey in the evening after the completion of their work.

Which type of organization is the hockey club? Give any *one* limitation of this form of organization. 2

ललित ने एक निर्माणी फर्म में एक कामगार के रूप में कार्य सँभाला। उसने हाल ही में शॉप फ्लोर पर काम करना शुरू किया है। प्रबंध काफी उदार है तथा इसने कामगारों को एक हॉकी क्लब बनाने की अनुमति दी है। शाम को अपना काम समाप्त करके कामगार एकत्रित होते हैं तथा हॉकी खेलते हैं।

हॉकी क्लब किस प्रकार का संगठन है? इस प्रकार के संगठन की कोई **एक** सीमा दीजिए।

**42.** Explain the following : 3

*(a)* Planning is pervasive

*(b)* Planning is a continuous process

*(c)* Planning is futuristic

निम्न को समझाइए :

(क) नियोजन सर्वव्यापी है

(ख) नियोजन निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है

(ग) नियोजन भविष्योन्मुखी होता है

***Or / अथवा***

Explain the following :

*(a)* Objectives

*(b)* Strategy

*(c)* Policy

निम्न को समझाइए :

(क) उद्देश्य

(ख) रणनीति

(ग) नीति

**43.** What is sales promotion? Name any *two* promotional tools used by business. 3

विक्रय संवर्धन क्या है? व्यवसाय द्वारा उपयोग की जाने वाली किन्हीं **दो** संवर्धन विधियों के नाम दीजिए।

***Or / अथवा***

State any *three* objectives of sales promotion.

विक्रय संवर्धन के किन्हीं **तीन** उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

**44.** Explain any *three* methods of price fixation. 3

मूल्य निर्धारण की किन्हीं **तीन** विधियों को समझाइए।

***Or / अथवा***

State any *three* factors affecting the choice of channels of distribution.

वितरण माध्यम के चयन को प्रभावित करने वाले किन्हीं **तीन** कारकों का उल्लेख कीजिए।

**45.** Differentiate between WTO and GATT. 3

'विश्व व्यापार संगठन' तथा 'टैरिफ और व्यापार का सामान्य समझौता' में अन्तर कीजिए।

***Or / अथवा***

What is a franchise form of retail trade? State its any *three* features.

खुदरा व्यापार का फ्रैंचाइज प्रकार क्या है? इसकी किन्हीं **तीन** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**46.** Name any *three* types of large-scale retail trade. 3

किन्हीं **तीन** प्रकार के बड़े पैमाने के थोक व्यापार के नाम दीजिए।

**47.** Best Manufacturers Ltd. is a car manufacturing company. The production, sales and marketing departments need to work together to ensure smooth operations. The sales team promised early delivery of cars to customers, but the production team could not meet the deadlines due to delay in raw material supply. This led to customer dissatisfaction and a decline in the company's reputation.

*(a)* Which management function is missing in Best Manufacturers Ltd.?

*(b)* Mention any *two* problems which the company is facing because of the missing function. 3

बेस्ट मैन्युफैक्चरर्स लिमिटेड एक कार निर्माणी कम्पनी है। सहज प्रचालनों को सुनिश्चित करने के लिए उत्पादन, विक्रय तथा विपणन विभागों को एकसाथ काम करने की आवश्यकता है। विक्रय टीम ने ग्राहकों को कारों की जल्दी डिलिवरी देने का आश्वासन दिया, परन्तु कच्चे माल की आपूर्ति में देरी के कारण उत्पादन टीम समय-सीमा का पालन नहीं कर सकी। इससे ग्राहकों में असंतोष हुआ तथा कम्पनी की लोकप्रियता कम हुई।

(क) बेस्ट मैन्युफैक्चरर्स लिमिटेड में प्रबंध का कौन-सा कार्य अनुपस्थित है?

(ख) ऐसी कोई **दो** समस्याएँ बताइए जिनका सामना कम्पनी को अनुपस्थित कार्य के कारण करना पड़ रहा है।

**48.** Explain the steps in the process of planning. 5

नियोजन प्रक्रिया के चरण समझाइए।

***Or / अथवा***

Explain the process of organizing.

संगठन की प्रक्रिया समझाइए।

**49.** Explain the stages in online transactions. 5

ऑनलाइन लेनदेन की अवस्थाओं को समझाइए।

***Or / अथवा***

What options are available for securing online transactions? Explain.

ऑनलाइन लेनदेनों को सुरक्षित रखने के क्या विकल्प हैं? समझाइए।

**50.** Sun Print India Ltd. makes greeting cards for different festivals and occasions and is flourishing well. During the time of Diwali and New year, the production and selling of cards reaches a new high. The company exists in an environment which is democratic and there are rules for every business firm. Once you step out of the company there are customers, competitors, government authority and almost everything one can think of. The company appears to have a promising future. However the firm will have to understand the close relationship between various elements of the business environment around it.

*(a)* In the above case, which dimension of business environment is highlighted?

*(b)* Why is it significant for the business to understand its environment? 5

सन प्रिंट इंडिया लिमिटेड विभिन्न त्योहारों तथा अवसरों के लिए शुभकामना कार्ड बनाती है और अच्छी तरह से फल-फूल रही है। दिवाली तथा नववर्ष के समय कार्डों का उत्पादन तथा विक्रय नयी ऊँचाइयों तक पहुँच जाता है। कम्पनी एक ऐसे पर्यावरण में विद्यमान है जो लोकतान्त्रिक है तथा सभी फर्मों के लिए नियम तथा विनिमय हैं। जब आप एक बार कम्पनी से बाहर कदम रखते हैं तो वहाँ ग्राहक, प्रतियोगी, सरकारी प्राधिकरण तथा वह सभी जो कोई सोच सकता है, मौजूद हैं। यह प्रतीत होता है कि कम्पनी का भविष्य आशाजनक है। परन्तु फर्म को अपने आस-पास के पर्यावरण के विभिन्न घटकों के मध्य घनिष्ठ संबंधों को समझना होगा।

(क) उपरोक्त स्थिति में व्यावसायिक पर्यावरण के किस आयाम पर प्रकाश डाला गया है?

(ख) व्यवसाय के लिए अपने पर्यावरण को समझना महत्त्वपूर्ण क्यों है?

**51.** Explain the factors that affect the capital structure of an organization. 5

एक संगठन की पूँजी संरचना को प्रभावित करने वाले कारकों को समझाइए।

★ ★ ★